सार-समाचार

सरकारी योजनाओं को गांव तक पहुंचाने,ग्राम उत्थान शिविर शुरू

नसीराबाद, (निसं)। पंचायत समिति श्रीनगर क्षेत्र में ग्राम उत्थान शिविर 2026 के अंतर्गत किसानों एवं पशुपालकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और लाभ उपलब्ध कराने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। शिविर तिथियां: 31 जनवरी को साम्प्रोदा (बाघसुरी) व मावसिया, 01 फरवरी को तिलाना, 05 फरवरी को झड़वासा, 06 फरवरी को राजगढ़, 07 फरवरी को दिलवाड़ा, 08 फरवरी को कानाखेड़ी, 09 फरवरी को भवानीखेड़ा में शिविर आयोजित होंगे। सहायक कृषि अधिकारी (विस्तार) अभय राज दुलारा ने बताया कि ग्राम उत्थान शिविरों से किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा।

आम बजट में आयकर व जीएसटी में मिले राहत

अजमेर, (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सीए प्रकोष्ठ के महामंत्री विकास अग्रवाल एवं अजमेर शहर व्यापार महासंघ के प्रवक्ता कमल गंगवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री से आगामी आम बजट 2026-27 में आयकर ढांचे में सुधार कर दरें कम करने तथा कर मुक्त आय सीमा बढ़ाने की मांग की है, जिससे मध्यम वर्ग को वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जीएसटी प्रक्रिया को सरल, रिटर्न व अनुपालन कम करने, इनपुट टैक्स एमएसएमई को सहज बनाने तथा छोटे व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस और तकनीकी जटिलताओं से राहत देना अत्यंत आवश्यक है। दोनों पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री से मांग की कि बजट में करदाता हित और राजस्व संतुलन रखते हुए ऐसा जनहितैषी प्रावधान किया जाए, जिससे व्यापार, निवेश और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिले।

राजकीय बालिका स्कूल में साइकिल वितरित की

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। भाजपा युवा नेता सुभाष चौधरी ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये सार्थक प्रयास निरंतर जारी है। भाजपा नेता चौधरी राजकीय शार्दूल बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 98 बालिकाओं को साइकिल वितरण कर समारोह को संभोधित कर रहे थे। उन्होंने बालिका विधालय में दो कमरों का निर्माण कराने की घोषणा करते कहा की जरूरत मुताबिक आवश्यक सभी सुविधा उपलब्ध कराने में सदैव तत्पर है, इसके लिये समय समय पर अवगत कराते रहे। युवा नेता युवा सुभाष चौधरी ने कहा शिक्षा के माध्यम से बेटियों को आगे बढ़ाना होगा, ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर परिवारजनो को गौरान्वित कर सके। राज्य सरकार की और से जन कल्याणकारी योजनाओं के जरिये बालिकाओं को शिक्षा के लिये प्रेरित करने हेतु मिशन तय किया हुआ है। इस दौरान किसान मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सूर्यप्रकाश शर्मा, पार्षद नवीन जिंदागल, ओमप्रकाश बिड़ला, पूनम चंद शर्मा, प्रधानाचार्य पारस कंवर, अनिल चौधरी, सत्यनारायण शर्मा, जितेंद्र रंगवानी, नंदकिशोर सैन, शानू साहू, राजेश कुमावत, कुंजबिहारी शर्मा मौजूद रहे। प्रधानाचार्य पारस कंवर ने साईकिल वितरण करने पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी व इनके पुत्र सुभाष चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

बड़े कुल की रसम में उमड़े जायरीन

सरवाड़,(निसं)। शहर स्थित सूफी सन्त हजरत ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती के सालाना उर्स मेले के दौरान गुरुवार को बड़े कुल की रस्म में भारी संख्या में जायरीन उमड़े इसके साथ ही उर्स का समापन हो गया वहीं आस्ताने औलिया पवित्र मजार एवं दरगाह परिसर की गुलाब जल इत्र केवड़े सुगंधित जल से धुलाई की गई वहीं जायरीनों ने अकीदतमंद के फूल पेश कर अमन चैन की दुआ मांगी वहीं दरगाह क्षेत्र में सापला गेट मामू साहब की दरगाह साहित अन्य जगह पर काफी भीड़ देखने को मिली वहीं बड़े कुल की रस्म के दौरान कव्वालों ने ख्वाजा की शान में एक से बढ़कर एक कव्वालियां पेश की वहीं दरगाह कमेटी की ओर से प्रशासन और अंजुमन कमेटी की दस्तारबन्दी की गई वहीं दरगाह कमेटी के सदस्य व दरगाह मुतवल्ली जायरीनों की सुविधाओं को लेकर व्यवस्थाओं में जुटे रहें इस बीच प्रशासन की ओर से यातायात व्यवस्था को लेकर मुस्तैद नजर भी आए।

यूजीसी के विरोध में उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा ने उपखण्ड अधिकारी रजत यादव को ज्ञापन सौंपकर यूजीसी अधिनियम को लेकर विरोध जताया। अध्यक्ष राध इसके दुरुपयोग होने की प्रबल सम्भावना है ,क्योंकि अधिनियम के प्रावधानों में जो समिति शिकायत सुनेगी उसमें सदस्य के रुप में किसी सवर्ण को प्रतिनिधित्व देने का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है, जिसके चलते सवर्णों के साथ अन्याय होने की प्रबल है। इस अधिनियम को वापस लिया जाये। इस दौरान देहात जिला महामंत्री शुशील दाधीच, युवाध्यक्ष राजेश शर्मा, रामचन्द्र रिणवा, मनमोहन शर्मा, नरेन्द्र जोशी, महेश शर्मा, सुरेश जोशी, प्रेमसागर शर्मा, ओमप्रकाश तिवाड़ी, राजेन्द्र सारस्वत, योगेन्द्र चतुर्वेदी, श्यामसुन्दर ओजट, महेश ओजट, जुगल जखनाडिया, मोहनप्रकाश कंथारिया, डा विनोद दीक्षित, उमेश पुष्करणा, चन्द्रशेखर पंचगौड, दिनेश उपाध्याय, नवीन जोशी, योगेश छंगाणी, सुनीलआचार्य, रंगलाल सारस्वत, एस एन पारीक, राजेश नवहाल, ललित पाराशर सहित सैंकड़ोंजन मौजूद रहे।

जीतो ब्यावर चैप्टर द्वारा आयोजित संजोग मैट्रिमोनी मीट का पोस्टर विमोचन

ब्यावर (निसं)। जीतो मैट्रिमोनी वर्टिकल के अंतर्गत जीतो ब्यावर चैप्टर द्वारा आयोजित किए जा रहे संजोग - के प्रथम पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर कमल राम मीणा द्वारा किया गया। यह परिचय सम्मेलन रविवार, 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन 28 वर्ष से अधिक आयु के अविवाहित युवक-युवतियों, तलाकशुदा तथा विधवा/विधुर वर्ग के लिए ब्यावर सहित संपूर्ण राजस्थान स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिससे समाज के पात्र युवक-युवतियों को उचित जीवनसाथी चयन का सशक्त मंच मिल सके।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मेट्रिमोनी कन्वीनर कमलेश बंट ने बताया कि यह आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने तथा वैवाहिक रिश्तों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।जीतो मेट्रिमोनी चैप्टर के चेयरमैन रतन प्रकाश कोठारी एवं चीफ सेक्रेटरी सुभाष औसतवाल ने इस पहल को सामाजिक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी एवं सराहनीय बताया।पोस्टर विमोचन अवसर पर राजस्थान जॉन सेक्रेटरी यशवंत रांका, नरेंद्र बांठिया , प्रवीण मुथा, विनय छल्लाणी , पंकज बंट, विनोद नाहर,जीतो लेडीज़ विंग की चेयरपर्सन रेनू छाजेड, चीफ सेक्रेटरी जूली नाहटा एवं चैप्टर मैनेजर अजय चौधरी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में कृषि सांख्यिकी सम्मेलन का भव्य शुभारंभ

■ विज्ञान और समाज के बीच सेतु बनाने की पहल

अजमेर(निसं)। विज्ञान को समाज की जरूरतों से जोड़ने और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसायटी का 76वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। तीन दिवसीय यह सम्मेलन विकसित भारत 2047 की ओर विज्ञान और समाज को जोड़ने हेतु आंकड़ा आधारित निर्णय विषय पर केंद्रित है।



भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसायटी का 76वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ

सम्मेलन में देशभर से आए प्रख्यात सांख्यिकीविदों, कृषि वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं की भागीदारी देखने को मिल रही है। आयोजन का उद्देश्य कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े क्षेत्रों में सांख्यिकीय और संगणकीय तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर मंथन करना है, ताकि सटीक आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेकर देश को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में आंकड़ा आधारित अंतर्दृष्टि की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि में वैज्ञानिक आंकड़ों का उपयोग किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष संजय कुमार ने उन्नत मौसम पूर्वानुमान, उपग्रह आधारित तकनीकों और डिजिटल प्रणालियों से कृषि क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें किसानों को जलवायु जोखिमों से निपटने में समय पर उपयोगी जानकारी उपलब्ध करा रही हैं।

भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसायटी के प्रतिनिधि अमृत कुमार पॉल ने सम्मेलन के उद्देश्यों और सोसायटी की विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। बी.वी.एस. सिसोदिया ने भी अपने विचार साझा करते हुए कृषि आंकड़ों के सामाजिक उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों द्वारा जनगणना अनुसंधान कार्यस्थान का उद्घाटन किया गया। यह सुविधा शोधकर्ताओं को सूक्ष्म स्तर के जनगणना आंकड़ों के विश्लेषण का अवसर प्रदान करेगी, जिससे योजनाओं और विकास रणनीतियों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

प्रत्येक गिरदावर सर्किल में ग्राम उत्थान शिविर

■ 31 जनवरी से 9 फरवरी तक जिलेभर में चरणबद्ध आयोजन

अजमेर, (निसं)। पशुपालकों एवं कृषकों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक गिरदावर सर्किल में ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 31 जनवरी को जिले के 10 स्थानों पर एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविर आयोजित होंगे।

जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने बताया कि ग्राम 2026 अभियान के अंतर्गत इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों एवं पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। ये शिविर 31 जनवरी, 1 फरवरी तथा 5 से 9 फरवरी तक प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होंगे। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालयों, अटल सेवा केंद्रों, पंचायत भवनों अथवा विद्यालय परिसरों में आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के लिए जिला नोडल प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर वंदना खोरवाल एवं सहायक नोडल अधिकारी जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवदान सिंह को नियुक्त किया गया है। शिविर प्रभारी संबंधित पंचायत समिति के विकास अधिकारी होंगे, जबकि कृषि एवं सहकारिता विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सहायक शिविर प्रभारी के रूप में कार्य करेंगे।

बकाया भुगतान की मांग को लेकर अस्थाई सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

■ गांधी भवन से कलेक्ट्रेट तक निकाला मार्च

अजमेर,(निसं)। अजमेर नगर निगम के अस्थाई सफाई कर्मचारी अपनी छह सूत्रीय मांगों और बकाया पारिश्रमिक भुगतान की मांग को लेकर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। आंदोलनरत कर्मचारियों ने गांधी भवन से जिला कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालते हुए नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया।

कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर लोकबंधु से मुलाकात कर शीघ्र भुगतान की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला सफाई कर्मियों की भागीदारी रही।

कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें दिसंबर माह से वेतन नहीं मिला है। ठेकेदार निगम से भुगतान न मिलने का हवाला दे रहा है, जबकि निगम प्रशासन भुगतान की जिम्मेदारी ठेकेदार पर डाल रहा है। इस आपसी खींचतान के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

हड़ताल का असर शहर की सफाई व्यवस्था पर साफ नजर आने लगा है। कई प्रमुख मार्गों और बाजारों में झाड़ू नहीं लगी और जगह-जगह कचरे के ढेर दिखाई दिए, जिससे नागरिकों को दुर्गंध और आवागमन में परेशानी हुई।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी पृथ्वीराज सिंह जोधा ने बताया कि ठेकेदार का दिसंबर माह का बिल स्वीकृत कर दिया गया है और बैंक खुलते ही भुगतान किया जाएगा। फिलहाल व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थाई सफाई कर्मियों से सफाई कार्य कराया जा रहा है।

शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को स्वेटर की सेवा दी

अजमेर (निसं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मधु पाटनी के साथ अन्य भामाशाहों के सहयोग से ग्राम सिंहाना तहसील राशमी में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर की सेवा दी गई।

अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन, अतुल पाटनी के संयोजन में दी गई। इस अवसर पर सुखलाल,भगवती, मनीष, नीरज, सोनिया लुहाडिया आदि ने वितरण कार्य में सहयोग किया।

शहर की जनता का टूटा विश्वास आखिर कब लौटेगा

ब्यावर (निसं)। लापता नाबालिग के परिजनों के दर्द की आवाज़ कराह बनकर विधानसभा में उठी। भीलवाडा के विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा में दमदार तरिके से जैन समाज की नाबालिग के लापता होने का मुद्दा उठाया तो सदन में शेम शेम की आवाज़ गूंज उठी। काश प्रारम्भिक समय में ही स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत जो चौथी बार विधायक बनने का अनुभव रखते हुए विधान सभा में अपनी दमदार आवाज़ रखते तो सम्भवतया कुछ अच्छा हो जाता। जैन समाज की एक नाबालिग बेटी के रहस्यमय तरीक़े से लापता होने को सात माह हो गये पर ब्यावर पुलिस लापता को ढूंढने की बात तो बहुत दूर की हो गई सुराग लगाने के लिए पूरी तरह से नाकामयाब साबित हो गई है। जबकि जैन समाज के सर्वसमाज ब्यावर बंद तक करवा चुकी है। जैन संघर्ष समिति के सदस्यों ओर लापता के परिजन अनेक मन्त्रियों ओर विधायकों के देवरे धोक चुके है। जैन संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल राजस्थान के पुलिस महानिदेशक से भी मिलकर लापता का पता लगाने की पाती दे चुके है। नेताजी हनुमान बेनीवाल ने तो इतना आश्वासन दे डाला मानो वो तुरंत ढूंढकर नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप ही देंगे। इतना सबकुछ जतन ओर भागादौडी करने के बाद भी ब्यावर पुलिस की असफलता प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रही है। कुछ दिनो पहले एडवोकेट नीलेश बुरड के साथ भीलवाड़ा के विधायक अशोक कोठारी से मिलकर बेबस परिवार की व्यथा व्यक्त करके आये।

प्रदेश भर में सफल सामूहिक विवाह

ब्यावर(निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइडस के स्टेट कमीशनर विमल चौहान को प्रदेशभर में सफल सामूहिक विवाह आयोजन करवाने पर जिला स्तर पर जिला कलेक्टर कमल मीणा ने उन्हे सम्मानित किया। चौहान ने राज्य के विभिन्न जिलो में गरीब परिवार की लगभग 5000 से अधिक कन्याओं का सामुहिक विवाह करवाया गया। जिला कलेक्ट्र मीणा ने की चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।इस मोके पर शहर के प्रमुख पत्रकार विष्णु धीमान, मयक भारद्वाज,संजय सिंह गहलोत ,मनीष शर्मा, भगवत दयाल सिंह, हेमन्त साहू, राधेश्याम दर्जी, प्रकाश भाट, सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे ।

रामपुरा में विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू सहायता शिविर आयोजित

■ शिविर में पात्र ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई

पीसांगन(निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुख्यालय रामपुरा डाबला में विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समुदाय के लिए सहायता शिविर का आयोजन तहसीलदार भागीरथ चौधरी एवं पंचायत प्रशासक सीमा चौधरी की अध्यक्षता में किया गया।

शिविर में पात्र ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। साथ ही मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर पात्र लाभार्थियों के प्रमाण पत्र बनाने की कार्यवाही की गई। प्रशासक सीमा चौधरी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप पात्र व्यक्तियों को घुमंतू पहचान प्रमाण पत्र, पालनहार योजना सत्यापन, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

शिविर में तहसीलदार भागीरथ चौधरी एवं प्रशासक सीमा चौधरी के साथ गिरदावर संतोष मोलपुरिया, ग्राम विकास अधिकारी मनीष जेसवानी, पटवारी दिनेश चौधरी, भंवराराम जाट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुकेश मेहरा, सांख्यिकी विभाग के दयाल चौधरी, कनिष्ठ सहायक कैलाश मेघवाल, विष्णुदत्त वैष्णव, अंकित चबरवाल, शिवजी गैणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पीसांगन के रामपुरा डाबला में आयोजित विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू सहायता शिविर में तहसीलदार भागीरथ चौधरी, प्रशासक सीमा चौधरी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

शहर में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

अजमेर(निसं)। शहर में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से न्यूरोथैरेपी एवं कंसासा विषहरण केंद्र की ओर से दो दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 को आदर्श नगर स्थित अग्रसेन सिद्धपीठ मंदिर में आयोजित होगा। शिविर का आयोजन आचार्य रामगोपाल दीक्षित के सान्निध्य में किया जाएगा।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी भागीदारी फर्म M/s GIRNAR GRANITES, Address - Khasra No 49/11, Gram Kalidungri, Roopangarh Road, Tehsil Kishangarh, Dist. Ajmer, जिसका रजिस्ट्रेशन कमांक 17/01/154/2016 दिनांक 07/01/2016 है। जिसमें चार (4) साझेदार हैं (1) श्री प्रदीप कुमार चंडक पुत्र श्री बसंतिलाल चंडक (2) श्री नरेश भंडारी पुत्र श्री शिखर चंद भंडारी (3) श्री अशोक कुमार जैन पुत्र श्री सरदार मल जैन (4) श्री मोती राम भाकर पुत्र श्री केशा राम भाकर। अब आपसी सर्वसम्मति से (1) श्री प्रदीप कुमार चंडक पुत्र श्री बसतिलाल चंडक एवं (2) श्री मोती राम भाकर पुत्र श्री केशा राम भाकर साझेदारी से सेवानिवृति ले ली हैं एवं नये साझेदार के रूप में श्री अंशुल जैन पुत्र श्री अशोक कुमार जैन ने नए साझेदार के रूप में ग्रहण कर लिया है, उक्त परिवर्तन दिनांक 15/11/2025 से प्रभावी है। उक्त साझेदार की प्रवेश करने पर आम आदमी व वितीय संस्थान, बैंक या अन्य संस्थान को किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो तो सुचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय अजमेर में सूचित करें अन्यथा बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

-सूचितकर्ता अशोक कुमार जैन (साझेदार)

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, हिरिश एवेन्यू, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 20059576 दिनांक :- 27/01/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 51/2026-27

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों अनुमानित लागत राशि 902.19 लाख की ई-निविदा क्रम संख्या (1-2) दिनांक 12.2.2026, क्रम संख्या (3) दिनांक 03.02.2026 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN : AJD2526WSOB00248-50

राज.संवाद/सी/25/18710 अधिशाषी अभियन्ता

जिला कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा व सतर्कता समितियों की बैठक, ई-केवाईसी और पात्रता पर हुआ मंथन

अजमेर(निसं)। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को अतिरिक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय आवंटन सलाहकार समिति तथा तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला रसद अधिकारी (प्रथम) मोनिका जाजोद, जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) नीरज कुमार सहित प्रवर्तन अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

अतिरिक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में खाद्य सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 11.80 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। साथ ही नवसृजित एवं रिक्त उचित मूल्य दुकानों के सहायक की कार्रवाई पूर्ण होने पर उनके प्राधिकरण पत्र नियमानुसार जारी किए जाने की जानकारी दी गई।

ई-केवाईसी को लेकर सदस्यों द्वारा आ रही समस्याओं पर चर्चा करते हुए बताया गया कि 0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों को ई-केवाईसी से छूट दी गई है। बायोमेट्रिक सत्यापन में कठिनाई होने पर ओटीपी के माध्यम से भी राशन वितरण संभव है। 70 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को परेशानी होने पर जिला रसद कार्यालय द्वारा ई-केवाईसी में छूट प्रदान की जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविर आयोजित करने का सुझाव भी बैठक में दिया गया। आगामी शिविरों में उपलब्ध संसाधनों की स्थिति के अनुरूप योजना बनाने पर सहमति बनी।

सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी रोजगार योजना के अंतर्गत 100 दिन का रोजगार पूर्ण नहीं होने से खाद्य सुरक्षा आवेदन में आ रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया। इस पर बताया गया कि लघु, सीमांत एवं भूमिहीन कृषकों को प्रमाण पत्र के आधार पर खाद्य सुरक्षा में जोड़ा जाना संभव है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाउ उपाध्याय नगर विस्तार योजना के आवासीय/भूखण्ड संख्या 544 क्षेत्रफल 190.64 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति 1. राम प्रकाश सक्सेना पुत्र स्व. भानू प्रकाश सक्सेना 2. श्रीमती सीमा बाला उर्फ सीमा सक्सेना पत्नि राम प्रकाश सक्सेना निवासी 544 हरिभाउ उपाध्याय नगर विस्तार अजमेर जिसमें राम प्रकाश सक्सेना की मृत्यु दिनांक 26/9/22 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती सीमा बाला उर्फ सीमा सक्सेना पत्नि स्व. राम प्रकाश सक्सेना 3. सुश्री दिव्या सक्सेना पुत्री स्व. राम प्रकाश सक्सेना निवासी 544 हरिभाउ उपाध्याय नगर विस्तार अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती सीमा बाला उर्फ सीमा सक्सेना पत्नि स्व. राम प्रकाश सक्सेना निवासी 544 हरिभाउ उपाध्याय नगर विस्तार अजमेर के पक्ष निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 5/1/26 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। - योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/भवन/25-26/653 आपत्ति सूचना दिनांक-28.01.26

श्री राजकुमार गुर्जर पुत्र स्वर्गीय श्री रामदेव गुर्जर श्रीमती मंजू गुर्जर पत्नी श्री राजकुमार गुर्जर जाति निवासीगण गुर्जर भवन, होटल मोती महल के पास, गुलाब बाग,(दौलत बाग) अजमेर द्वारा एक सम्पति भूखण्ड संख्या ए.एम.सी. नंबर 313/10 का भाग है, जो थोक मालियान के खसरा नम्बर 3081 मिन, गुलाब बाग, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 310.59 व.मी. है में स्थित है भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है-

पूर्व- सर्विस लेन पश्चिम- जायदाद ए.एम.सी. नंबर 313/10 का भाग तथा 15 फुट चौड़ा नाला जाबाद रास्ता आम

उत्तर- 12 फुट चौड़ी गली दक्षिण - 10 फुट चौड़ी सर्विस लेन व अन्य की जायदाद है

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त,नगर निगम अजमेर

नया बापू नगर में पाइप लाइन डाली, पेयजल समस्या का हुआ स्थायी समाधान

■ विधायक कोठारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद पीएचईडी ने प्राथमिकता से कार्य करते हुए पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया

भीलवाड़ा(निसं)। वार्ड नं. 11 स्थित नया बापू नगर में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का अब स्थायी समाधान हो गया है। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) द्वारा क्षेत्र में नई पाइपलाइन डालकर कॉलोनी को नियमित पेयजल आपूर्ति से जोड़ दिया गया है।

क्षेत्रवासियों को वर्षों से पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा था। इस पर विधायक कोठारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद पीएचईडी ने प्राथमिकता से कार्य करते हुए पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया। नई पाइपलाइन जुड़ने के बाद अब नया बापू नगर के निवासियों को नियमित और सुचारु पेयजल आपूर्ति होने से पानी मिलने लगेगा, जिससे लोगों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने विधायक कोठारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य उनके लिए बड़ी राहत लेकर आया है और लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या से निजात मिली है।

एमडीएसयू में अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सम्पन्न

अजमेर(निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2026 के दौरान संगीत, साहित्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना मुखर रूप से सामने आई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देव नारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भड़ाणा रहे, जिन्होंने युवाओं को भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ने का आव्हान किया।

अंतर - महाविद्यालय
सांस्कृतिक
प्रतियोगिता 2026
(ICCC-